कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति एवं वैचारिक विषयों से अवगत कराया

▶ भाजपा जिला नीमच का दो दिवसय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

नीमच। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन होटल देव रेजिडेंसी में किया गया । प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस 16 मई शनिवार को 7 सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यपद्धति एवं वैचारिक विषयों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के ध्वज वंदन के साथ हुई। ध्वज वंदन के बाद अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। प्रथम सत्र की शुरुआत भारत माता, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वर्ग गीत कार्यालय मंत्री विनोद नागदा ने लिया। वंदे मातरम गान हेमलता धाकड़ द्वारा लिया गया।प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारु, जिला प्रशिक्षण प्रभारी हरिराम शाह, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, वर्ग प्रभारी नरेंद्र जी मालवीय एवं सह प्रभारी राकेश 'पप्पू 'जी जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश 'पप्पू' जैन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रस्तावना के माध्यम से जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक क्षण पर प्रशिक्षण की बात कही। प्रथम सत्र में सांसद श्री सुधीर जी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं देश के सामने चुनौती, जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला, इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कैलाश चावला ने की। इसी क्रम में दूसरे सत्र में विधायक दिलीप सिंह जी परिहार ने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओ के विकास के बारे में अपनी बात रखी, इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर ने की।

तृतीय सत्र में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भारतीय जनता पार्टी के विचार पर अपनी बात कार्यकर्ताओं को उद्बोधन के माध्यम से बताई, इस सत्र की अध्यक्षता जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने की। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला महामंत्री मंदसौर विजय जी अटवाल ने कार्य विस्तार योजना पर उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया, इस सत्र की अध्यक्षता वीरेंद्र पाटीदार ने की। पंचम सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष

भाजपा मंदसौर मदनलाल जी राठौर ने वैचारीक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंच निष्ठाओं पर अपने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया, इस सत्र की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुखलाल पंवार ने की। छटवे सत्र में खातेगांव विधायक आशीष जी शर्मा ने स्थाई कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात, आईटी सोशल मीडिया के संबंध में कार्यकर्ताओं को बताया, इस सत्र की अध्यक्षता मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ने की एवं अंतिम सातवें सत्र में पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जिसमें व्यावहारिकता एवं संगठनात्मक कार्यशैली को लेकर मार्गदर्शन दिया गया, इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवंतिका जी जाट ने की। रात्रि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकर्ताओं का भोजन एवं रात्रि विश्राम प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल पर रहा । दूसरे दिन सुबह कार्यकर्ताओ को प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर एवं पंकज पोरवाल द्वारा योग ,व्यायाम व प्रार्थना कराई गई। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन आठवें सत्र में प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं मंदसौर जिला प्रभारी दिलीप जी सखलेचा द्वारा संगठन की कार्य पद्धति पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया। अध्यक्षता प्रशिक्षण प्रभारी हरिराम शाह द्वारा की गई।प्रशिक्षण वर्ग के नवम सत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां के बारे में पूर्व मंत्री एवं जावद विधायक ओमप्रकाश जी सखलेचा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, इस सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने की। प्रशिक्षण वर्ग के दसवें सत्र में सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं एवं उनके क्रियान्वन में संगठन की भूमिका के बारे में उद्बोधन एवं प्रशिक्षण राज्यसभा सदस्य बंशीलाल जी गुर्जर ने दिया, इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत हरित ने की।प्रशिक्षण वर्ग के ग्यारवे सत्र में पार्टी के इतिहास एवं विकास के बारे में शाजापुर विधायक अरुण भीमावत ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया, अध्यक्षता प्रशिक्षण संयोजक महामंत्री नरेंद्र मालवीय ने की।

प्रशिक्षण वर्ग के आखरी एवं बारवे सत्र में प्रदेश सहसंयोजक आईटी सोमेश जी पालीवाल ने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया, मीडिया, नई तकनीक एआई, प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण विषय पर प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को उद्बोधन के माध्यम से मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। अंतिम सत्र की अध्यक्षता कार्यालय मंत्री विनोद नागदा ने की। समापन सत्र में जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, नीमच विधायक दिलीप सिंहपरिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू आदि थे।

एक नजर में

धामनिया रोड पर दर्दनाक हादसा, गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले युवक की मौत, कार चालक फरार

नीमच। जिले के धामनिया रोड पर सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पारस कुमावत पिता शंभूलाल कुमावत निवासी छोटी सादड़ी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पारस कुमावत रोजाना की तरह गैस सिलेंडर सप्लाई करने के लिए अपने वाहन से धामनिया रोड क्षेत्र में पहुंचे थे। इसी दौरान वे एक ग्राहक को गैस सिलेंडर देने के लिए वाहन से नीचे उतरे। तभी तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पारस सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक पैर भी टूट गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। गंभीर हालत में पारस को जिला चिकित्सालय नीमच पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके। मृतक के परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए छोटी सादड़ी लेकर पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

महू-नसीराबाद हाईवे पर दो ट्रेलरों की भिड़ंत :स्पीड ब्रेकर पर अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से घुसा ट्रेलर

नीमच। महू-नसीराबाद हाईवे पर रविवार रात दो ट्रेलरों की टक्कर हो गई। नयागांव चौकी क्षेत्र के तुलसी होटल के सामने हादसे में एक ट्रेलर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया गया है। हादसा रात करीब 11 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, तुलसी होटल के पास बने स्पीड ब्रेकर पर आगे चल रहे एक ट्रेलर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रहा दूसरा ट्रेलर तेज गति में होने के कारण अनियंत्रित होकर आगे वाले ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे वाला ट्रेलर हाईवे किनारे उतर गया और उसका अगला हिस्सा (केबिन) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे घायल चालक को स्थानीय लोगों और राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सूचना मिलने पर नयागांव चौकी पुलिस और टोल एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया। घायल चालक की पहचान भीलवाड़ा, राजस्थान निवासी मदनलाल (28) पुत्र गुर्जर के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार, दुर्घटना में युवक के दोनों पैरों और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे अन्यत्र रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अफीम व डोडाचूरा की तस्करी करने वाले तस्कर को 13 वर्ष का सश्रम कारावास

नीमच। जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.एक्ट) जिला-नीमच द्वारा ट्रक में 2 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम तथा 26 कट्टों में 523 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी नवीन पिता रमेष मराठा, उम्र-28 वर्ष, निवासी-ग्राम पालखेड़ी, तहसील डुंगला, थाना मंगलवाड़, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को धारा 8/15(सी) एन.डी.पी.एस.एक्ट के अंतर्गत 13 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 02 लाख रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 8/18(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 40000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना दिनांक 29.01.2025 को रात्री के लगभग 8 बजे उदयपुर-भीलवाड़ा मार्ग स्थित गंगरार टोल की हैं। कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक से अफीम व डोडाचूरा की तस्करी की खेप पंजाब पँहुचने वाली हैं। मुखबीर सूचना पर से निवारक दल का गठन कर गंगरार टोल नाके पर नाकाबंदी किये जाने पर चित्तौड़गढ़ की तरफ से ट्रक आता दिखाई दिया, जिसको घेराबंदी कर रोका गया। निवारक दल द्वारा आगे की कार्यवाही किये जाने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से दोनो आरोपी व ट्रक को कार्यालय उपनाराकोटिक्स आयुक्त, नीमच ले लेकर आया गया, जहाँ पर ट्रक की तलाषी लिये जाने पर उसमें 26 कट्टों में कुल 530 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा तथा ट्रक की कैबीन में गुप्त स्थान पर से पीले रंग की थैली में 2 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम मिली, जिस कारण डोडाचूरा, अफीम व ट्रक को जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके पश्चात् सभी आवश्यक अनुसंधान उपरांत परिवाद माननीय विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर आरोपी द्वारा कार से अवैध मादक पदार्थ अफीम व डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे, उसकों को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन द्वारा की गई।

राजस्व प्रमुख सचिव पोरवाल ने वीसी के माध्यम से की विभागीय समीक्षा

नीमच। प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने सोमवार को मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग की विभागीय समीक्षा की। प्रमुख सचिव पोरवाल ने डिजीटाईजेशन आफ लेगेसी रिकार्ड, जिला स्तर पर स्केनिंग सेंटर स्थापित करने, सेंटर पर कम से कम पांच कम्प्यूटर स्केनर एवं सेटअप फर्नीचर की व्यवस्था, राजस्व अभिलेखों की स्केनिंग के लिए दस्तावेजों का चयन, पटवारियों का रोस्टर बनाने, दस्तावेजों के आवक जावक की पंजी तैयार करने, स्केनिंग सेंटर पर दस्तावेजों की सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व न्यायालयों में नियमित सुनवाई एवं नियमित रूप से राजस्व कोर्ट के संचालन, ग्रामों में आबादी भूमि की उपलब्धता एवं चिंहाकन, स्वामित्व योजना के पट्टेधारियों को पट्टे की रजिस्ट्री करवाने संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। नीमच के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एडीएम बी.एस.कलेश एवं जिला डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिह धार्वे भी मौजूद थे।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नीमच। जल निगम नीमच जिले के सभी स्कूलों और आंगनवाडी केंद्र भवनों में हर घर नल से जल योजना के तहत एक माह में नल कनेक्शन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। कोई भी स्कूल, आंगनवाडी या बसाहट हर घर नल से जल के लाभ से वंचित ना रहे। यहनिर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता मिशन तहत संचालित कार्यो की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सोमवार को आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, जल निगम महाप्रबंधक धीरेन्द्र बिजोरिया, लो.स्वा.या.विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपेश वास्पत व अन्य जिला अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में जल निगम के महाप्रबंधक को निर्देश दिए, कि जिले के ऐसे मजरे टोले बसाहटे जो गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना के लाभ से वंचित है। उन सभी मजरों, टोलो, बसाहटों को सूचीबद्ध कर, वहां हर घर नल कनेक्शन के लिए प्रस्ताव तैयार कर लो.स्वा.या.विभाग के सचिव एवं जल निगम के प्रबंध संचालक को प्रस्ताव भेजे।

बैठक में बताया गया, कि जिले के 377 स्कूलों, एवं 149 आंगनवाडी भवनों में नल कनेक्शन होना शेष है। स्कूलों व आंगनवाडी केंद्रों में नल कनेक्शन का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि एक माह में शेष सभी शालाओं, आंगनवाडी केंद्रों में नल कनेक्शन उपलब्ध करवा दिया जाए।

कलेक्टर चंद्रा ने रोड़ रेस्टोरेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा में निर्देश दिए, कि अब तक जिले में किए गये रोड रेस्टोरेशन कार्य की ग्रामवार सूची उपलब्ध करवाए। इस सूची का पंचायतों से सत्यापन करवाया जाएगा, कि रोड़ रेस्टोरेशन का समुचित गुणवत्तापूर्ण कार्य हुआ है अथवा नही कलेक्टर ने लो.स्वा.यां.विभाग एवं जल निगम को निर्देश दिए, कि वे हर ग्राम पंचायत में एक-एक वाल्वमेन, पम्प आपरेटर चयनित कर उसे योजना के संचालन का प्रशिक्षण दिलाए।

बैठक में बताया गया, कि जिले में हाल ही में 18 नवीन नलकूप खनन के कार्य स्वीकृत किए गये है। जिन पर नलकूप खनन का कार्य प्रारंभ हो गया है। आगामी दिनों में 18 और नलकूप खनन का कार्य किया जावेगा।

सभी क्षीरधारा ग्रामों में स्व सहायता समूहों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़े : कलेक्टर

नीमच। जिले के सभी 82 क्षीरधारा ग्रामों में एक-एक स्व सहायता समूहों का गठन कर इन समूहों के सदस्यों को उन्नत पशुपालन गतिविधियों से जोड़े। पशुओं की समुचित देखभाल, पशु प्रबंधन पर पशुपालकों की जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जाए। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत गठित अंर्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक में पशुपालन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार सहित समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा, कि क्षीर धारा ग्राम योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाना है। इसके लिए पशुओं में नस्ल सुधार, उन्नत चारा विकास, पशुओं का समुचित प्रबंधन, पशुशेड का निर्माण आदि बिंदुओं पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। सभी विभाग समन्वित प्रयास कर उन्नत पशुपालन को बढावा देने का कार्य करें। कलेक्टर ने चारा विकास के लिए आंकलन कर पशुपालकों को मल्टीकट मल्टी इयर चारा बीज कीट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

पशुपालन विभाग की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी गांवों में पशुपालकों के के.सी.सी.प्रकरण बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाए। कोई भी पशुपालक के.सी.सी.के लाभ से वंचित ना रहे। कलेक्टर ने एक माह में एक हजार नवीन पशुपालकों को नवीन के.सी.सी.प्रदान करने और शतप्रतिशत पुराने के.सी.सी. का नवीनीकरण कर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश जिला सहकारी बैंक के श्री आर.पी.नागदा व उप संचालक पशुपालन को दिए है।

कलेक्टर ने क्षीर धारा योजना के तहत चयनित सभी 82 ग्रामों में शतप्रतिशत पशुओं का टीकाकरण करवाने और शतप्रतिशत पशुपालकों को के.सी.सी.जारी कर इन गांवों को सेचुरेटेड करने के निर्देश भी दिए है। उन्होने वन क्षेत्र से लगे सभी गांवों में पशुओं का सर्वे करवाकर शतप्रतिशत पशुओं का टीकाकरण करवाने के निर्देश भी दिए है।

नीमच में अतिक्रमण पर गरज उठा बुलडोजर, नालों पर कब्जे तोड़े, ठेलों पर भी कार्रवाई

नीमच। शहर में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका और प्रशासनिक टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए नालों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। नगर पालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में टीम बस स्टैंड क्षेत्र पहुंची, जहां नालों के ऊपर और आसपास किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस दौरान करीब 4 से 5 गुमटी धारकों के अवैध निर्माण तोड़े गए, जो नाला निर्माण में बाधा बन रहे थे।

कार्रवाई से पहले अंबेडकर मार्ग पर भी ठेला संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कई जगह चालानी कार्रवाई की गई, वहीं कुछ दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं और संबंधित लोगों को पहले ही नोटिस देकर समझाइश दी गई थी। बावजूद इसके जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सख्ती बरती गई। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि शहर में सार्वजनिक स्थानों और नालों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जमुनिया कला में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

नीमच। आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया कला के औषधालय परिसर में सोमवार को योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लाभार्थियों को योग के महत्व एवं नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम में 'योग: कर्मसु कौशलम्॥' अर्थात योग व्यक्ति को कर्मों में कुशलता एवं जीवन में संतुलन प्रदान करता है, का संदेश देते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में कुल 24 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. विमला पाटीदार, भावना बैरागी, विनीत सोनी, आनंद शर्मा एवं श्वेता जोशी ने विशेष सहयोग दिया।

एक नजर ▶ एसपी राजेश व्यास ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को बांटे बेल्ट

एसपी ने कहा- स्पोर्ट्स कोटे से युवाओं को मिल रही सरकारी नौकरियां

नीमच। जिला ताइक्वांडो व कराटे संघ, नीमच के तत्वावधान में एसोसिएशन कार्यालय पर एक भव्य डेमो फाइटिंग और बेल्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमच के पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रतनलाल निर्वाण ने की, जबकि संचालन ताइक्वांडो के मुख्य निर्देशक व सचिव जयप्रकाश लोधा द्वारा किया गया। रेफरी की भूमिका कु. भूमिका गोयल एवं ब्लैक बेल्ट सूरज सिंह ने निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मंच से जय भीम के नारों के बीच बालक-बालिकाओं ने आत्मरक्षा और ताइक्वांडो फाइट का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न खेल व सामाजिक प्रतिभाओं का शाल, श्रीफल और माल्यार्पण कर विशेष सम्मान किया गया - रमेश कदम: अंबेडकर स्टैच्यू की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ समाजसेवी। सेवानिवृत्त मुख्य टिकट निरीक्षक प्रहलाद अहीर: पश्चिम रेलवे के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी व बेस्ट स्कोरर, जिनका चयन एशिया की टीमों में भी हुआ था। रामू राम डागर: प्रख्यात समाजसेवी। लेखराज वर्मा: एस.सी/एस.टी.एसोसिएशन नीमच ब्रांच के नवागत अध्यक्ष (ऑफिस सुपरिटेंडेंट) एवं ए.सी. वर्मा। श्री नंदकिशोर धोबावत: मूक-बधिर एवं विकलांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष। श्री अमन पतरे: भोपाल से पधारे कराटे कोच।

खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने कहा कि, ''शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का खेलों में आगे बढ़ना बेहद जरूरी है। खेल के क्षेत्र में नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकार की ओर से सीधे नौकरियों का लाभ मिल रहा है।''इसी दौरान जब अध्यक्ष रतनलाल निर्वाण ने बच्चों के लिए खेल किट उपलब्ध कराने की मांग रखी, तो एसपी साहब ने तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें सोमवार को कार्यालय आमंत्रित किया और स्पोर्ट्स कोटे से किट दिलाने का भरोसा दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा कुल 24 बालक-बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेल्ट व प्रमाण पत्र सौंपे गए। बेल्ट हासिल करने वाले होनहार खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:

ब्लैक बेल्ट: मेघना सिंह जुरेल, मोक्षिता जैन।

ब्लू बेल्ट (ब्लू-ब्लू वन): दीपिका राठौर, वेदिका अहीर, उमेश लोधा। ग्रीन बेल्ट (ग्रीन-ग्रीन वन): वानी शर्मा, अर्शीन, दक्षा चौधरी, प्रिंस वेस्टली, इमैनुएल पॉल, हिमांशी शर्मा, योगिता भाटी, भूमिका सैनी, विविका सैनी, वासु।